# दिल्ली न्यूज़ 7

सबके साथ सबकी बात

रविवार, 3 मई 2026 dillinews7editor@gmail.com www.dillinews7.in


# एस. डी. पब्लिक स्कूल पीतमपुरा की सफलता में गगनचुंबी उड़ान

## नए नेतृत्व ने स्कूल की दशा व दिशा का किया कायाकल्प



'टाईम्स नाऊ' न्यूज चैनल चैनल द्वारा विद्यालय को प्रदत्त ट्रॉफी के साथ विद्यालय के चेयरमैन चंद्रभान गर्ग, वाईस चेयरमैन महावीर गोयल एवं सचिव डॉ. विरेन्द्र कुमार गर्ग








एस डी पब्लिक स्कूल पीतमपुरा का भव्य भवन



**चंद्रभान गर्ग**
चेयरमैन



**महावीर गोयल**
वाईस चेयरमैन



**डॉ. विरेन्द्र कुमार गर्ग**
सचिव



**अशोक चौधरी**
प्रबंधक



**डॉ. सुशील गुप्ता**
मैनेजिंग ट्रस्टी
एस.डी एजुकेशन ट्रस्ट



**हरि कृष्ण गुप्ता**
सचिव
एस.डी एजुकेशन ट्रस्ट













पीतमपुरा (महेन्द्र सिंह)।

उत्तर-पश्चिम दिल्ली के प्रतिष्ठित विद्यालयों में से एक एस. डी. पब्लिक स्कूल आज विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के केन्द्र के रूप में स्थापित हो रहा है और यह सब सम्भव हुआ है सनातन धर्म एजुकेशन ट्रस्ट के वरिष्ठ ट्रस्टी स्व. दयांल चन्द गर्ग तथा मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. सुशील गुप्ता एवं सेक्रेटरी हरिकृष्ण गुप्ता के प्रयासों से। पिछले कई वर्षों से कमजोर आर्थिक स्थिति से जूझ रहे स्कूल को इस स्थिति से उबारने के लिए शिक्षाविद महावीर गोयल को विद्यालय के वाइस चेयरमैन, डॉ. वीरेन्द्र कुमार गर्ग को सेक्रेटरी का दायित्व प्रदान किया। डॉ. वीरेन्द्र गर्ग समाज में ऐसे व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते हैं, जिन्हें अपनी स्किल और अनुभव से किसी भी संस्था को आर्थिक स्थिति से उबारने में विशेषज्ञता हासिल है। विद्यालय के चेयरमैन का दायित्व संभालने वाले चंद्रभान गर्ग एवं मैनेजर अशोक चौधरी के साथ मिलकर स्कूल की व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन करके स्कूल की दशा सुधारने का कार्य किया। वाइस चेयरमैन का पद सम्भालने वाले महावीर गोयल जो दिल्ली में कई प्रतिष्ठित विद्यालयों का संचालन सफलतापूर्वक कर रहे हैं। उन्होंने पद सम्भालते ही स्कूल में अनावश्यक खर्चों में कटोती की जिससे स्कूल की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ। नई मैनेजमेंट ने पदभार ग्रहण करते ही एस. डी. पब्लिक स्कूल पीतमपुरा को भी आर्थिक स्थिति से उबारने के लिए अथक प्रयास शुरू कर दिए है, जिसके परिणाम एक वर्ष के अंदर दिखाई देने लगे।

जहां स्कूल वर्ष 2024-25 के वित्त वर्ष में 1.54 करोड़ के नुकसान में था, आज वर्ष 2025-26 वित्त वर्ष में स्कूल 1. 46 करोड़ के लाभ की तरफ बढ़ रहा है और यह सम्भव हो पाया है चेयरमैन चन्द्रभान गर्ग, नव नियुक्त वाइस चेयरमैन महवीर गोयल तथा डॉ. वीरेन्द्र गर्ग की दूरदर्शी सोच व कर्मठ कार्यशैली से। डॉ. वीरेन्द्र गर्ग ने बताया कि जब कोई संस्था आर्थिक रूप से नुकसान की स्थिति में रहती है, तो स्वाभाविक रूप से वहां काम करने वाले लोगों का भी मनोवल गिरता है। जहां 2024-25 में पूरे सत्र में केवल 142 विद्यार्थियों ने विद्यालय में प्रवेश लिया था वहीं नई टीम के प्रयासों से 2025-26 शिक्षण सत्र में विद्यालय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या 304 हो गई। इस वर्ष विद्यालय में प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या बढ़ाकर 350 करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विद्यालय में अनुशासन, शिक्षकों की योग्यता, स्वच्छता, सुरक्षा, खेलकूद की सुविधाओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अब सुधार साफ तौर पर देखा जा सकता है। इन सभी विशेषताओं को देखकर ही अभिभावक अपने बच्चों के प्रवेश के लिए प्रोत्साहित होते हैं।

प्रतिष्ठित समाचार चैनल टाइम्स नाउ द्वारा किए गए सर्वेक्षण में एस डी पब्लिक स्कूल पीतमपुरा को तीसरा स्थान प्रदान किया गया है इससे पहले नवभारत टाइम्स द्वारा भी प्रकाशित किए गए सर्वेक्षण में विद्यालय को पांचवा स्थान प्रदान किया गया था। विद्यालय की उपलब्धियां विभिन्न समाचार माध्यमों की सुर्खियां बनती रहती हैं। विद्यालय के वाइस चेयरमैन महावीर गोयल के अनुसार हमारा लक्ष्य इस विद्यालय को दिल्ली में पहला स्थान प्रदान करना है। उन्होंने विद्यालय की भावी रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि विद्यालय के पास उपलब्ध कोष का उपयोग नवाचार, मूल्य आधारित शिक्षा को बढ़ाने में किया जाएगा।

नई मैनेजमेंट द्वारा शिक्षण में शानदार परिणाम देने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा गोआ टूर के लिए हवाई टिकट प्रदान किया गया। अन्य शिक्षको को भी प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं लागू करने पर विचार चल रहा है। विद्यालय प्रबंधन यह सुनिश्चित कर रहा है कि विद्यालय से सेवानिवृत होने वाले सभी लोगों को उनके आर्थिक लाभ समय से प्रदान कर दिए जाएं और किसी भी कर्मचारी, शिक्षक को अपने वेतन की प्रतीक्षा न करनी पड़े।


विद्यालय प्रबंधन द्वारा कक्षाओं में विशेष साउंड सिस्टम लगाए गए हैं, जिससे बच्चे संगीत के साथ कहानियां एवं कविताएं सुनते हुए मनोरंजक तरीके से याद कर सकें। सभी कक्षाओं में प्रोजेक्टर लगाए गए हैं जिससे शिक्षक नए-नए प्रयोगों के माध्यम से विषयों को समझने के लिए चित्र, स्केच, चार्ट, कार्टून, फिल्म इत्यादि का प्रयोग करते हुए अपनी पाठ योजना तैयार कर सकें। नर्सरी कक्षाओं में विशेष रूप से मुलायम फ्लोरिंग की गई है जिससे बच्चों को किसी प्रकार की चोट से बचाया जा सके एवं वे आनंददायक वातावरण में सीखने में रुचि ले सकें। शिक्षकों को समय-समय पर प्रशिक्षण देने पर विचार चल रहा है जिससे वह शिक्षा के क्षेत्र में होने वाले बदलावों के अनुरूप शिक्षण प्रक्रिया में सुधार कर सकें।

एस डी पब्लिक स्कूल के छात्र पिछले कई वर्षों से लगातार आईआईटी, मेडिकल, दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षाओं में सफलता के झण्डे गाड़ रहे हैं।

विद्यालय के चेयरमैन चंद्रभान गर्ग ने विद्यालय की प्रगति का श्रेय टीम भावना को दिया। उन्होंने कहा कि मैनेजिंग कमेटी के सभी सदस्य आपसी तालमेल के साथ काम कर रहे हैं जिससे संस्था के हित में निर्णय लेने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो रही है। विशेष रूप से मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ सुशील गुप्ता एवं सेक्रेटरी हरिकृष्ण गुप्ता का मार्गदर्शन हमेशा ही हमारा मनोवल बढ़ाने का काम करता है। महावीर गोयल एवं डॉ वीरेंद्र गर्ग के प्रबंध समिति से जुड़ने से नई ऊर्जा का संचार हुआ है। विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य अजय मारवाह प्रबन्धन के निर्देशों के अनुसार स्कूल को प्रगति के पथ पर आगे बढा रहे हैं।

हाल ही में सीबीएसई के शेसन 2025-26 के 10वीं कक्षा के परिणामों में स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन कर दिया। हितेषी शर्मा ने कुल 97. 6% अंक प्राप्त किए। आद्या शुक्ला 95.8%, गिताक्शी राजवंश 93.4%, अयूष सिन्हा 92.8%, भव्या जैन 90.6%, ईशिता 90.6% और कार्तिकेय ने 90% अंक प्राप्त किए।







श्री अजय मारवाह



















